**ई–मेल द्वारा**
**अतिमहत्वपूर्ण/समयबद्ध**

**प्रेषक,**

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

**सेवा में,**

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय/अनुदानित/निजी क्षेत्र एवं पी0पी0पी0 मोड की संस्थाऐं।

**पत्रांकः प्राशिप/अनु0–06/2025/50** **लखनऊः दिनांकः 14.04.2025**

**विषयः सम सेमेस्टर/वार्षिक/बैक पेपर/विशेष बैक पेपर परीक्षा, जून, 2025 के परीक्षा फार्म भराये जाने विषयक।**

महोदय,

कृपया, उपरोक्त विषयक परिषद कार्यालय के पत्र सं0: प्राशिप/अनु0–06/018, दिनांकः 01.04.2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें सम सेमेस्टर/वार्षिक/बैक पेपर/विशेष बैक पेपर परीक्षा, जून, 2025 के परीक्षा फार्म एवं परीक्षा शुल्क ऑनलाइन जमा करने हेतु निर्देश दिये गये हैं।

उक्त के अनुक्रम में अवगत कराना है कि तकनीकी कारणों से परिषद का पोर्टल/वेबसाइट गत शनिवार दिनांकः 12.04.2025 को लगभग 24 घंटे बाधित रहा, जिस कारणवश छात्र/छात्रओं को परीक्षा फार्म भरने में असुविधा रही। इस कारणवश परीक्षा फार्म भरने की तिथि **दिनांकः 15.04.2025 से 20.04.2025** तक विस्तारित की जाती है। वर्तमान में परिषद का पोर्टल/वेबसाइट सही कार्य कर रहा है। छात्र/छात्रा अपने परीक्षा शुल्क का भुगतान कर परीक्षा फार्म भर सकते है। इसके उपरान्त किसी भी दशा में पोर्टल पुनः खोला नही जायेगा।

उपरोक्त के साथ ही यह भी अवगत कराना है कि अधिकांश संस्थाओं द्वारा छात्र/छात्राओं का परीक्षा फार्म परिषद कार्यालय को अग्रसारित नहीं किया गया है। कृपया प्रधानाचार्य/निदेशक छात्र/छात्राओं का परीक्षा फार्म ससमय परिषद कार्यालय को अग्रसारित करने का कष्ट करें।

उपरोक्तानुसार प्रक्रिया एवं निर्देशों का भली भांति अनुसरण करते हुये छात्र/छात्राओं का परीक्षा फार्म एवं परीक्षा शुल्क का भुगताने किये जाने तथा परीक्षा फार्म परिषद कार्यालय को अग्रसारित किये जाने संबंधी समस्त कार्यवाही समयान्र्तगत पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। नोटिस बोर्ड पर सूचना चस्पा कर एवं संस्था व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से भी छात्र/छात्राओं को उक्त प्रक्रिय एवं निर्धारित समय–सीमा से अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

**पृ0सं0: प्राशिप/अनु0–06/2025/51–55** **तद्‌दिनांकः 14.04.2025**

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ को अपर मुख्य सचिव महोदय के अवगतार्थ प्रेषित।
2. महानिदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
3. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, कानपुर।
4. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र/बुन्देलखण्ड क्षेत्र/मध्य क्षेत्र/पश्चिमी क्षेत्र को इस आशय के साथ कि उपरोक्तानुसार अपने क्षेत्रान्तर्गत संस्थाओं को निर्देशित करने का कष्ट करें।
5. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश लखनऊ को परिषद की वेबसाइट www.bteup.ac.in पर प्रदर्शित करने हेतु।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव